बीटेक छात्रों के लिए निशुल्क ऑनलाइन कोर्स पोर्टल लॉन्च

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) और सॉफ्टवेयर विनिर्माण क्षेत्र की कंपनी सॉफ्टप्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के बीच करार हुआ है। इसके तहत शुक्रवार को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में बीटेक छात्रों के लिए निशुल्क ऑनलाइन कोर्स पोर्टल लांच किया गया।

करार के तहत इंजीनियरिंग छात्रों को उनके डोमेन में आठ ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान किए गए हैं। यह कार्यक्रम सभी ब्रांचों के लिए 30 घंटे की अवधि का होगा। लांच किए गए इस पोर्टल के माध्यम से छात्र वेब टेक्नोलॉजी, कोर जावा, पाइथन एप्लीकेशन, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कैड टूल्स इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कैड टूल्स इन सिविल इंजीनियरिंग और प्रोफेशनल कम्यूनिकेशन में पंजीकरण कर इसका लाभ उठा सकते हैं। संवाद